**EDUMATE**

# हिंदी

## कक्षा

## XII

# प्रश्न-संचय

**Second language**

केरल सरकार

**शिक्षा विभाग**

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, केरल द्वारा निर्मिति

2017

*Prepared by:*
State Council of Educational
Research & Training (SCERT)
Poojappura, Thiruvananthapuram -12,
Kerala. E-mail:scertkerala@gmail.com

*Type setting by:*
SCERT Computer Lab.

©
Government of Kerala
Education Department
2016

# वक्तव्य

**दोस्तो,**

निकट भविष्य में संपन्न होनेवाली परीक्षाओं की तैयारी में आप व्यस्त होंगे। हम चाहते हैं, बिना किसी डर के आप परीक्षा लिखें और उज्वल विजय पाएँ। इस लक्ष्य की सफलता में आपकी मदद करने के लिए हमने यह सामग्री तैयार की है। इसमें ऐसे प्रश्नों को सम्मिलित किया है जो कार्यकालांत मूल्यांकन के लिए सार्थक हो। साथ ही नमूने के प्रश्न पत्र तथा उनके मूल्यांकन सूचक भी दिए गए हैं। आप इन प्रश्नों से गुज़रें, ... इनका अभ्यास करें,... इसी प्रकार के अन्य प्रश्न पहचानें.... मित्रो, आपकी जीत सरल, सफल और सार्थक रहेगी।

शुभकामनाओं के साथ


**निदेशक**

**डॉ.जे.प्रसाद**

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, केरल

तिरुवनंतपुरम।

# अनुक्रम


| प्रश्न-संचय | पन्ना संख्या |
|---|---|
| **इकाई - 1** | |
| मातृभूमि | 05 - 06 |
| बेटी के नाम | 07 - 10 |
| मेरे भारतवासियो... | 11 - 14 |
| **इकाई - 2** | |
| सूरीनाम में पहला दिन | 15 - 17 |
| मेरे लाल | 18 - 19 |
| दोस्ती | 20 - 21 |
| मंज़िल की ओर | 22 - 23 |
| **इकाई - 3** | |
| ज़मीन एक स्लेट का नाम है | 24 - 27 |
| सपने का भी हक नहीं | 28 - 30 |
| मुरकी उर्फ़ बुलाकी | 31 - 34 |
| हाइकू | 35 - 35 |
| **इकाई - 4** | |
| कुमुद फूल बेचनेवाली लड़की | 36 - 38 |
| वह भटका हुआ पीर | 39 - 43 |
| आदमी का चेहरा | 44 - 45 |
| दवा | 46 - 48 |

इकाई 1

# द्विवेदीयुगीन कविता — मातृभूमि

**मैथिलीशरण गुप्त**

## अधिगम उपलब्धि

- द्विवेदी युगीन कविता की प्रवृत्तियों पर चर्चा करके कविता की आस्वादन-टिप्पणी लिखता है।

**प्रश्नः 1**

**सूचनाः निम्नलिखित कवितांश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

नीलांबर परिधान हरित पट पर सुंदर है।
सूर्य-चंद्र युग मुकुट, मेखला रत्नाकर है।।
नदियाँ प्रेम प्रवाह फूल तारे मंडन हैं।
बंदीजन खग-वृंद, शेषफन सिंहासन है।।
करते अभिषेक पयोद हैं, बलिहारी इस वेष की।
हे मातृभूमि! तू सत्य ही, सगुण मूर्ति सर्वेश की।।

1. मातृभूमि किसकी सगुण मूर्ति है? (1)
   (ईश्वर की, माता की, गुरु की)
2. मातृभूमि का मुकुट क्या है? (1)
3. कवि मातृभूमि पर बलिहारी होता है। क्यों? (2)
4. द्विवेदीयुगीन कविता की विशेषताओं पर चर्चा करके कवितांश की आस्वादन-टिप्पणी लिखें। (7)

## मूल्यांकन सूचक

1. आशय-ग्रहण करके सही उत्तर का चयन किया है। (1)
2. आशय-ग्रहण किया है। (1)
3. आशय का विश्लेषण करके कारण ढूँढ़ा है। (2)

4. • कवि का परिचय है। (1)
   • द्विवेदी युगीन कविता की विशेषताओं का उल्लेख किया है। (2)
   • कविता का सार है। (2)
   • अपने दृष्टिकोण से कविता का विश्लेषण किया है। (2)

   **कुल** **(7)**

**प्रश्नः 2**

**निम्नलिखित कवितांश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

पाकर तुझसे सभी सुखों को हमने भोगा।
तेरा प्रत्युपकार कभी क्या हमसे होगा ?
तेरी ही यह देह, तुझी से बनी हुई है।
बस तेरे ही सुरस-सार से सनी हुई है।।
फिर अंत समय तू ही इसे अचल देख अपनाएगी।
हे मातृभूमि! यह अंत में तुझमें ही मिल जाएगी।।

1. 'मातृभूमि' किस युग की कविता है? (1)
   (द्विवेदी युग, छायावादी युग, प्रगतिवादी युग)
2. 'धुली' का समानार्थी शब्द कवितांश से ढूँढ़ें। (1)
   (सनी, बनी, मिली)
3. 'तेरा प्रत्युपकार कभी क्या हमसे होगा'- कवि ऐसा क्यों कहता है?(2)
4. कवि एवं काव्यधारा का परिचय देते हुए कवितांश की **आस्वादन-टिप्पणी** लिखें। (7)

**मूल्यांकन सूचक**

1. आशय-ग्रहण करके सही उत्तर का चयन किया है। (1)
2. आशय-ग्रहण किया है। (1)
3. आशय का विश्लेषण करके कारण ढूँढ़ा है। (2)
4. • कवि का परिचय है। (1)
   • द्विवेदी युगीन कविता की विशेषताओं का उल्लेख किया है। (2)
   • कविता का सार है। (2)
   • अपने दृष्टिकोण से कविता का विश्लेषण किया है। (2)

   **कुल** **(7)**

# जवाबी पत्र — बेटी के नाम

**बहादुर शाह ज़फ़र**

**अधिगम उपलब्धियाँ**

- पत्र के आशय का विश्लेषण करके विधांतरण करता है।
- पत्र की शैली पहचानकर विभिन्न प्रसंगों पर पत्र लिखता है।

**प्रश्नः 1**

**'बेटी के नाम' पाठ का यह वाक्य पढ़ें।**

"खत क्या भेजा, मेरी जान, आँसूनामा था।" यह बादशाह द्वारा बेटी को लिखे गए पत्र का अंश है।

1. बादशाह ने ऐसा क्यों लिखा होगा? (2)
2. बादशाह के उस दिन की **डायरी** तैयार करें। (7)

सहायक संकेत :

- घरवालों और दिल्लीवालों से बादशाह का प्यार।
- अंग्रेज़ों की निर्दयता।
- बादशाह की विवशता।

**मूल्यांकन सूचक**

1. प्रसंग का विश्लेषण करके कारण ढूँढ़ा है। (2)
2. • अनुभवों की सूचना है। (2)
   • आत्मसंघर्ष की अभिव्यक्ति है। (2)
   • संवेदना की अनुभूति है। (2)
   • आत्मनिष्ठ भाषा है। (1)

**कुल** **(7)**

**प्रश्नः 2**

**बेटी के नाम, पाठ का यह वाक्य पढ़ें -**

"मैं तो ज़िंदा हूँ।
वे तो बिना आई मौत मर गए।"

1. यहाँ दिल्लीवालों की कौन सी हालत की सूचना मिलती है? (1)
2. भारत की आज़ादी की लड़ाई में हज़ारों ने अपनी जान की कुर्बानी दी। इन कुर्बानियों का जिक्र करते हुए आप अपने मित्र को एक **पत्र** लिखें। (8)

सहायक संकेत :

- जनता की बुरी हालत
- अंग्रेज़ों की निर्दयता
- हज़ारों की कुर्बानी
- स्वतंत्रता का महत्व

**मूल्यांकन सूचक**

| | | |
|---|---|---|
| 1. प्रसंगानुकूल आशय लिखा है। | | (1) |
| 2 • स्वाभाविक शुरुआत है। | (2) | |
| • घटनाओं का उल्लेख है। | (2) | |
| • स्वाभाविक अंत है। | (2) | |
| • पत्र की शैली एवं रूपरेखा है। | (2) | |
| **कुल** | | **(8)** |

**प्रश्नः 3**

"तीन दफ़ा सुनने के बाद भी दिल को कऱार नहीं आया।" बेटी के प्रति बादशाह का प्यार हमारे दिल को छूनेवाला है। 'संतानों के भविव्य निर्माण में माँ-बाप का प्यार' विषय पर एक **लेख** लिखें। (8)

सहायक संकेत :

- माता-पिता का प्यार
- दैनिक जीवन में माता पिता की सहायताएँ
- अच्छी आदतों और मूल्यों को पहचानने में उनका हाथ

**मूल्यांकन सूचक**

- भूमिका है। (1)
- अपने मत का उल्लेख किया है। (2)
- बिंदुओं को विकसित किया है। (2)
- क्रमबद्धता है। (1)
- लेख की शैली अपनाई है। (1)
- उपसंहार है। (1)

**कुल** **(8)**

**प्रश्नः 4**

**बेटी के नाम पाठ का निम्नलिखित वाक्य पढ़ें -**

"दिल्लीवाले मुझको रोते होंगे, मैं भी उनको रोता हूँ।"

1. शासक का कौन-सा गुण यहाँ प्रकट होता है? (2)
2. 'सच्चा शासक कौन है' विषय पर एक **लेख** लिखें। (8)

**मूल्यांकन सूचक**

1. वाक्य का विश्लेषण करके अपना मत प्रस्तुत किया है। (2)

2 • भूमिका है। (1)
- अपने मत का उल्लेख किया है। (2)
- बिंदुओं को विकसित किया है। (2)
- क्रमबद्धता है। (1)
- लेख की शैली अपनाई है। (1)
- उपसंहार है। (1)

**कुल** **(8)**

**प्रश्नः 5**

बेटी का खत पढ़कर बादशाह का मन विचलित हो गया। दुखी पिता को सांत्वना देते हुए बेटा पिता से बातें करता है। दोनों के बीच की **बातचीत** तैयार करें। (7)

सहायक संकेतः

- देशसेवा एवं कर्तव्य
- भारत की आज़ादी की प्रतीक्षा
- देशभक्त बेटी पर पिता का गर्व

**मूल्यांकन सूचक**

| | |
|---|---|
| • प्रसंगानुसार अभिव्यक्ति है। | (2) |
| • स्वाभाविक शुरुआत है। | (1) |
| • प्रवाहमयता है | (2) |
| • कल्पना है। | (1) |
| • स्वाभाविक अंत है। | (1) |
| **कुल** | **(7)** |

# भाषण मेरे भारतवासियो...

**जवाहरलाल नेहरू**

**अधिगम उपलब्धियाँ**

➢ भाषण की शैली पहचानकर विभिन्न सामाजिक विषयों पर भाषण तैयार करता है।

➢ भाषण का आशयग्रहण करके स्वतंत्रता का महत्व पहचानकर टिप्पणी लिखता है।

➢ अंग्रेज़ी के छोटे-से अनुच्छेदों का हिंदी में अनुवाद करता है।

**प्रश्नः 1**

**नेहरू के भाषण का यह वाक्य पढ़ें।**

"हमारी पीढ़ी के सबसे महान व्यक्ति की यही महत्वाकांक्षा रही है कि हर एक आँख से आँसू मिट जाएँ।"

1. महान व्यक्ति की महत्वाकांक्षा क्या है? (2)
2. इस महत्वाकांक्षा की पूर्ति के लिए हम क्या-क्या कर सकते हैं? इस पर एक **भाषण** तैयार करें। (8)

सहायक संकेतः

भारत की वर्तमान सामाजिक स्थिति

देश के रूप में भारत का विकास

हमारे कर्तव्य एवं दायित्व

**मूल्यांकन सूचक**

1. आशय ग्रहण किया है। (2)

2. • भूमिका है। (1)
• बिंदुओं को विकसित किया है। (2)
• अपना मत है। (2)
• मत का समर्थन किया है। (1)
• भाषण-शैली है। (1)
• उपसंहार है। (1)

**कुल** **(8)**

**प्रश्नः 2**

**' मेरे भारतवासियो' पाठ का अंश पढ़ें।**

"भविष्य में हमें विश्राम करना या चैन से नहीं बैठना है बल्कि निरंतर प्रयास करना है ताकि हम जो वचन बार-बार दोहराते रहे हैं और जिसे हम आज भी दोहराएँगे, उसे पूरा कर सकें। भारत की सेवा का अर्थ है लाखों-करोड़ों पीड़ित लोगों की सेवा करना। इसका मतलब है गरीबी और अज्ञानता को मिटाना। बीमारियों और अवसर की असमानता को मिटाना। हमारी पीढ़ी के सबसे महान व्यक्ति की यही महत्वाकांक्षा रही है कि हर एक आँख से आँसू मिट जाएँ।"

1. यह किसके भाषण का अंश है ? (1)
   (नेहरू, गाँधी, तिलक)
2. नेहरू जी की पीढ़ी के सबसे महान व्यक्ति की महत्वाकाँक्षा क्या है? (2)
3. हमें समाज से क्या क्या मिटाना है? (3)
4. उपर्युक्त खंड का **संक्षेपण** करें। (7)
5. संक्षेपण के लिए उचित शीर्षक दें। (1)

**मूल्यांकन सूचक**

1. नेहरू। (1)
2. अनुच्छेद का आशयग्रहण करके सही उत्तर लिखा है। (2)
3. आशयग्रहण करके सही उत्तर लिखा है। (3)

4. मुख्य आशयों का चयन किया है। (3)
अनावश्यक विस्तार को छोड़ा है। (2)
अपनी भाषा को स्वीकारा है। (2)
**कुल** **(7)**

5. मूल्यांकन करके उचित शीर्षक लिखा है। (1)

**प्रश्नः 3**

**अनुच्छेद का हिंदी में अनुवाद करें।**

Television is one of the wonders of modern science. Many useful programmes on education, health and agriculture are telecasted. Interesting plays and films are shown at regular intervals. It is used for commercial advertisement. It was invented by John baird. (8)

**मूल्यांकन सूचक**

- स्रोत भाषा का आशयग्रहण किया है। (3)
- लक्ष्य भाषा में आशय को अनूदित किया है। (3)
- लक्ष्य भाषा की शैली का पालन किया है। (2)

**कुल** **(8)**

**प्रश्नः 4**

**निम्नलिखित वाक्य पढ़ें।**

नेहरू जी के भाषण से प्रभावित एक छात्र स्वतंत्रता प्राप्ति के उनहत्तर वर्षों के बाद भारत के विकास, सुरक्षा आदि पर सपना देख रहा है। उस सपने का वर्णन करते हुए छात्र अपने मित्र को पत्र लिखता है। वह **पत्र** तैयार करें। (8)

सहायक संकेतः

भारत के विकास की प्रक्रिया में आम जनता की भागीदारी
विभिन्न क्षेत्रों में नए नए आविष्कार
पड़ोसी देशों से दोस्ती
सभी को शिक्षा एवं नौकरी का अवसर

**मूल्यांकन सूचक**

- स्वाभाविक शुरुआत है। (2)
- घटनाओं का उल्लेख है। (2)
- स्वाभाविक अंत है। (2)
- पत्र की शैली एवं रूपरेखा है। (2)

**कुल** **(8)**

**प्रश्नः 5**

**अनुच्छेद का हिंदी में अनुवाद करें।**

There was an accident near our school yesterday. A car was coming at full speed. A cyclist suddenly appeared in the middle of the road. The driver pressed the breakes very hard. But the car did not stop in time and the cyclist was knocked down. An old man who has seen the accident took the injured cyclist to the hospital.

(accident - दुर्घटना, full speed - तेज़ रफ़्तार,
driver - चालक, knocked down - टकराकर गिरना,
cyclist - साईकिलवाला, hospital - अस्पताल ) (8)

**मूल्यांकन सूचक**

- स्रोत भाषा का आशयग्रहण किया है। (3)
- लक्ष्य भाषा में आशय को अनूदित किया है। (3)
- लक्ष्य भाषा की शैली अपनाई है। (2)

**कुल** **(8)**

**प्रश्नः 6**

विश्व पर्यावरण दिवस में प्रस्तुत करने के लिए 'तरकारियों में कीटनाशकों का प्रयोग' विषय पर एक भाषण तैयार करें।

सहायक संकेत :

खेती-प्राचीन समय में
खेती में रासायनिक पदार्थों का प्रयोग
कीटनाशकों का प्रयोग
स्वास्थ्य के लिए खतरा
घरेलू खेती का प्रोत्साहन
अपनी तरकारी अपने आंगन में

इकाई 2

# सफ़रनामा — सूरीनाम में पहला दिन

हिमांशु जोशी

**अधिगम उपलब्धियाँ**

- सफ़रनामा की शैलीगत विशेषताएँ पहचानकर आस्वादन करता है।
- विभिन्न प्रसंगों का विधांतरण करता है।
- सफ़रनामा के आशय का विश्लेषण करके टिप्पणी लिखता है।

**प्रश्नः 1**

**निम्नलिखित वाक्य पढ़ें।**

इस साल का विश्व हिंदी सम्मेलन केरल के तिरुवनंतपुरम में चौदह सितंबर को शुरू करने का आयोजन है। इसका उद्‌घाटन भारत के माननीय राष्ट्रपति के द्‌वारा संपन्न होगा। उसमें केरल के मुख्यमंत्री अध्यक्ष होंगे। सम्मेलन सत्रह सितंबर को समाप्त होगा। सम्मेलन में संगोष्ठियाँ, सांस्कृतिक कार्यक्रम, विभिन्न प्रतियोगिताएँ, कवि सम्मेलन आदि भी होंगे।

कार्यक्रमों की सूचना देते हुए एक **पोस्टर** तैयार करें। (8)

**मूल्यांकन सूचक**

- ज़रूरी विवरण है। (2)
- हिंदी का महत्व सूचित किया है। (2)
- संक्षिप्त वाक्य/वाक्यांश है। (2)
- आकर्षक रूपरेखा है। (2)

**कुल** **(8)**

**प्रश्नः 2**

**सूरीनाम में पहला दिन पाठ का यह अंश पढ़ें-**

"हिंदी को आम आदमी तक पहुँचाने में हिंदी फिल्मों तथा संगीत का भी विशेष योगदान रहा है।"-"विश्व भाषा के रूप में हिंदी की व्यापकता में हिंदी फिल्मों और धारावाहिकों का बड़ा हाथ है।" इस विषय पर एक **निबंध** तैयार करें। (7)

सहायक संकेत :

फिल्मों एवं धारावाहिकों के प्रति जन-साधारण की रुचि

जन-साधारण की भाषा का प्रयोग

भाषा के प्रति रुचि और पसंद

भाषा का प्रचार एवं प्रसार

**मूल्यांकन सूचक**

| | |
|---|---|
| • भूमिका है। | (1) |
| • अपने मत का उल्लेख किया है। | (1) |
| • बिंदुओं को विकसित किया है। | (3) |
| • क्रमबद्धता है। | (1) |
| • उपसंहार है। | (1) |
| **कुल** | **(7)** |

**प्रश्नः 3**

हिंदी को लोकप्रिय बनाने में फिल्मों एवं फिल्मी गीतों का विशेष योगदान रहा है। इस पर दो मित्रों के बीच का **वार्तालाप** तैयार करें। (7)

सहायक संकेत :

फिल्मों एवं फिल्मी गीतों का प्रभाव

हिंदी के प्रति रुचि

भाषा का प्रचार एवं प्रसार

**मूल्यांकन सूचक**

- प्रसंगानुसार अभिव्यक्ति है। (2)
- स्वाभाविक शुरुआत है । (1)
- प्रवाहमयता है । (2)
- कल्पना है । (1)
- स्वाभाविक अंत है। (1)

**कुल (7)**

**प्रश्नः 4**

सूरीनाम का सौंदर्य एवं वहाँ के भारतवंशियों के बारे में लेखक ने एक सिनेमा का निर्माण किया। इस सिनेमा के प्रचार केलिए एक आकर्षक **विज्ञापन** तैयार करें। (8)

**मूल्यांकन सूचक**

- जरूरी विवरण है। (2)
- सिनेमा का महत्व सूचित किया है। (2)
- संक्षिप्त वाक्य/वाक्यांश है। (2)
- आकर्षक रूपरेखा है। (2)

**कुल (8)**

# मेरे लाल

**सूरदास**

**अधिगम उपलब्धियाँ**

- मध्यकालीन भक्तकवि सूरदास के पदों की विशेषताओं पर चर्चा करके व्याख्या करता है।
- सूरदास के पदों का आस्वादन करके विधांतरण करता है।

**प्रश्नः 1**

**निम्नलिखित पद पढ़ें-**

सुतमुख देखि जँसोदा फूली।
हरषित देखि दूध की दँतियाँ प्रेम मगन तनु की सुधि भूली।।
बाहिर ते तब नंद बुलाए देखौ धौं सुंदर सुखदाई।
तनक तनक सी दूध की दँतियाँ देखौ नैन सुफल करो आई।।
आनंद सहित महर तब आए मुख चितवन दोउ नैन अघाई।
'सूर' स्याम किलकत द्विज देख्यो मनो कमल पर बीजु जमाई।।

1. सूरदास हिंदी साहित्य के किस काव्यधारा के कवि हैं? (1)
   (छायावाद, सगुण भक्ति काव्य, द्विवेदी युग)

2. 'छोटा' शब्द का समानार्थी शब्द कविता से ढूँढें। (1)
   (तनक, महर, कमल)

3. यशोदा क्यों खुश हुई? (2)

4. माता यशोदा अपने को क्यों भूल गई? (2)

5. मध्यकालीन काव्यधारा की विशेषताओं का परिचय देते हुए पद की आस्वादन - टिप्पणी लिखें। (7)

**मूल्यांकन सूचक**

1. सगुण भक्तिकाल (1)
2. तनक (1)
3. आशयग्रहण करके सही उत्तर लिखा है। (2)
4. आशय का विश्लेषण करके अपना मत प्रस्तुत किया है। (2)
5. • कवि का परिचय है। (1)
   • काव्यधारा की विशेषताओं का उल्लेख है। (2)
   • पद के आशय की व्याख्या है। (2)
   • अपना दृष्टिकोण प्रस्तुत किया है। (2)

**कुल** **(7)**

**प्रश्नः 2**

**निम्नलिखित पद पढ़ें-**

जबहीं बन मुरली स्त्रवन परी।
चकित भई गोप कन्या सब धाम काम बिसरीं ।।
कुल मरजाद बेद की आज्ञा नेकहु नाहिं डरीं।
स्याम सिंधु सरिता ललनागन जल की ढरनि ढरीं।।
सुत पति नेह भवन जन संका लज्जा नहीं करी।
'सूरदास' प्रभु मन हरि लीन्हों नागर नवल हरी।।

1. पद में वर्णित भाव क्या है? (1)
   (वात्सल्य, प्रेम, शोक)
2. कौन मुरली बजा रहा है? (1)
3. गोपिकाएँ क्यों अपना काम-धाम भूल गईं? (2)
4. कवि एवं काव्यधारा का परिचय देते हुए पद की **व्याख्या** करें। (7)

**मूल्यांकन सूचक**

1. पद के आशय का विश्लेषण करके सही उत्तर का चयन किया है। (प्रेम) (1)
2. आशयग्रहण किया है। (1)
3. आशय का विश्लेषण करके सही उत्तर लिखा है। (2)
4. • कवि का परिचय है। (1)
   • काव्यधारा की विशेषताओं का उल्लेख है। (2)
   • पद के आशय की व्याख्या है। (2)
   • अपना दृष्टिकोण प्रस्तुत किया है। (2)

**कुल** **(7)**

# फिल्मी गीत दोस्ती

**आनंद बख्शी**

**अधिगम उपलब्धियाँ**

- फिल्मी गीतों की विशेषताएँ पहचानकर आस्वादन करता है एवं टिप्पणी लिखता है।
- हिंदी के प्रचार-प्रसार में हिंदी फिल्मी गीतों की भूमिका एवं प्रासंगिकता पहचानकर गीतों का संकलन करता है।

**सूचनाः गीत का यह अंश पढ़ें-**

ये दोस्ती ...
हम नहीं तोड़ेंगे
तोड़ेंगे दम मगर
तेरा साथ ना छोड़ेंगे
मेरी जीत, तेरी जीत
तेरी हार, मेरी हार
सुन ऐ मेरे यार
तेरा ग़म, मेरा ग़म
मेरी जान, तेरी जान
ऐसा अपना प्यार
जान पे भी खेलेंगे
तेरे लिए ले लेंगे
सबसे दुश्मनी... ये दोस्ती ...

**प्रश्नः 1**

**गीत की आस्वादन-टिप्पणी** तैयार करें। (7)

**मूल्यांकन सूचक**

गीतकार का परिचय है। (1)

गीत का सार है। (2)

अपने दृष्टिकोण से गीत का विश्लेषण किया है। (2)

फिल्मीगीत की विशेषताओं की सूचना है। (2)

**कुल** **(7)**

**प्रश्नः 2**

दोस्ती को उजागर करनेवाला एक **पोस्टर** तैयार करें।

**मूल्यांकन सूचक**

जरूरी विवरण है। (2)

फिल्म की विशेषताओं को सूचित किया है। (2)

संक्षिप्त वाक्य/वाक्यांश है। (2)

आकर्षक रूपरेखा है। (2)

**कुल** **(8)**

संकलित

**अधिगम उपलब्धि**

विज्ञान, वाणिज्य एवं मानविकी के क्षेत्र में प्रयुक्त पारिभाषिक शब्दों का प्रयोग करता है।

**प्रश्नः 1**

**सूचनाः सही मिलान करें।**

| | | |
|---|---|---|
| 1. Commerce | परमाणु | |
| 2. Atom | श्रमिक-संघ | |
| 3. Algebra | समाज-विज्ञान | |
| 4. Bio-chemistry | भौतिकी | |
| 5. Trade union | गुरुत्वाकर्षण | |
| 6. Physics | जैव रसायन | |
| 7. Sociology | बीज गणित | |
| 8. Gravitation | वाणिज्य | (8) |

| **मूल्यांकन सूचक** | | |
|---|---|---|
| सही चयन किया है। | वाणिज्य | 1 |
| | परमाणु | 1 |
| | बीज गणित | 1 |
| | जैव रसायन | 1 |
| | श्रमिक-संघ | 1 |
| | भौतिकी | 1 |
| | समाज-विज्ञान | 1 |
| | गुरुत्वाकर्षण | 1 |

**प्रश्नः 2**

**सूचनाः कोष्ठक से सही शब्द चुनकर लिखें।**

(बट्टा, विषाणु, उपग्रह, समीकरण, प्रतिशत, उदारतावाद, दर्शनशास्त्र, विकिरण)

1. Discount
2. Equation
3. Liberalism
4. Percent
5. Philosophy
6. Radiation
7. Satellite
8. Virus (8)

**मूल्यांकन सूचक**

सही चयन किया है। (8)

इकाई 3

# आत्मकथा ज़मीन एक स्लेट का नाम है

एकांत श्रीवास्तव

**अधिगम उपलब्धि**

➢ आत्मकथा की शैलीगत विशेषताएँ पहचानकर विभिन्न प्रसंगों का विधांतरण करता है।

**प्रश्नः 1**

"सामान लाना इसलिए ज़रूरी था कि अगले वर्ष पुनः साक्षात्कार में मैं चुन ही लिया जाऊँ -इसकी गारंटी नहीं थी।" 'ज़मीन एक स्लेट का नाम है' पाठ का यह वाक्य वास्तव में एक बेकार युवक की बेचैनी को व्यक्त करता है। नौजवानों की बेकारी के कारण और उसे दूर करने के मार्गों पर अपना मत व्यक्त करते हुए **निबंध** लिखें। (8)

| **कारण** | **सुझाव** |
|---|---|
| • बढ़ती आबादी | • सभी कामों के महत्व की पहचान |
| • सही मार्गदर्शन का अभाव | • कुटीर उद्योगों का प्रचार |
| • मशीनीकरण का प्रसार | • तकनीकी शिक्षा एवं प्रशिक्षण |
| | • रुचि के अनुरूप शिक्षा |
| | • जनसंख्या में नियंत्रण |

**मूल्यांकन सूचक**

| | |
|---|---|
| भूमिका है। | (1) |
| अपने मत का उल्लेख किया है। | (1) |
| बिंदुओं को विकसित किया है। | (3) |
| क्रमबद्धता है। | (2) |
| उपसंहार है। | (1) |
| **कुल** | **(8)** |

**प्रश्नः 2**

**'ज़मीन एक स्लेट का नाम है' पाठ का यह अंश पढ़ें।**

"शादी की तैयारियाँ शुरू करनी थीं। भविष्य-निधि से भी कुछ हज़ार रुपए पिताजी निकाल लाए थे।"

1. भविष्यनिधि से पिताजी को क्यों रुपया लेना पड़ा?
2. शादी के आडंबर के लिए किया जानेवाला खर्च आज एक सामाजिक दुर्घटना बन गई है। इस विषय पर संगोष्ठी में प्रस्तुत करने केलिए एक **आलेख** तैयार करें।

सहायक संकेतः

- दुर्व्यय की आदत
- दिखावे के नाम आडंबर
- बढ़ती दहेज-प्रथा
- रिश्ते का आधार : प्रेम

**मूल्यांकन सूचक**

| | |
|---|---|
| • भूमिका है। | (1) |
| • अपने मत का उल्लेख किया है। | (1) |
| • बिंदुओं को विकसित किया है। | (3) |
| • क्रमबद्धता है। | (2) |
| • उपसंहार है। | (1) |
| **कुल** | **(8)** |

**प्रश्नः 3**

'ज़मीन एक स्लेट का नाम है' पाठ के पिता दोनों बिदाइयों से दुःखी हैं। ज़मीन की रजिस्ट्री के दिन वे अपनी डायरी लिखते हैं। वह **डायरी** कल्पना करके लिखें। (7)

सहायक संकेतः

- पिता का आत्मसंघर्ष
- बेटी से बिछुड़ने का दुख
- ज़मीन के नष्ट होने का दुख

**मूल्यांकन सूचक**

| | |
|---|---|
| • अनुभवों की सूचना है। | (2) |
| • आत्मसंघर्ष की अभिव्यक्ति है। | (2) |
| • संवेदना की अनुभूति है। | (2) |
| • आत्मनिष्ठ भाषा है। | (1) |
| **कुल** | **(7)** |

**प्रश्नः 4**

"मैं ज़मीन नहीं बेचता
बेचता हूँ हृदय"

बेटी की शादी के खर्च के लिए अपने पसीने और खून से भीगी ज़मीन बेचने के लिए पिता विवश हो जाते हैं। वे यह विवशता अपने मित्र से बाँट रहे हैं। दोनों के बीच का **वार्तालाप** तैयार करें। (7)

सहायक संकेतः

- दुर्व्यय की आदत
- दिखावे के नाम आडंबर
- बढ़ती दहेज-प्रथा
- रिश्ते का आधार : प्रेम

**मूल्यांकन सूचक**

| | |
|---|---|
| • प्रसंगानुसार अभिव्यक्ति है। | (2) |
| • स्वाभाविक शुरुआत है। | (1) |
| • प्रवाहमयता है। | (2) |
| • कल्पना है। | (1) |
| • स्वाभाविक अंत है। | (1) |
| **कुल** | **(7)** |

**प्रश्नः 5**

दीदी की शादी के लिए पिता को ज़मीन बेचना पड़ता है। लेखक इससे दुखी है और वह अपनी शादी बिना दहेज और कम खर्च में करना चाहता है। अपना यह विचार व्यक्त करते हुए वह अपने मित्र को एक पत्र लिखता है। वह **पत्र** तैयार करें। (8)

**मूल्यांकन सूचक**

| | |
|---|---|
| • स्वाभाविक शुरुआत है। | (2) |
| • घटनाओं का उल्लेख है। | (2) |
| • स्वाभाविक अंत है। | (2) |
| • पत्र की शैली एवं रूपरेखा है। | (2) |
| **कुल** | **(8)** |

**प्रश्नः 6**

"शादी से दो व्यक्ति नहीं दो परिवार जुड़ते हैं। आजकल उसमें अनावश्यक धूमधाम है। यह रिश्ते बनाने के बगैर उसे बिगाड़ता है।" इस विषय पर एक **लेख** तैयार करें। (8)

सहायक संकेतः
- दुर्व्यय की आदत
- दिखावे के नाम पर आडंबर
- बढ़ती दहेज-प्रथा
- रिश्ते का आधार : प्रेम

**मूल्यांकन सूचक**

- भूमिका है। (1)
- बिंदुओं को विकसित किया है। (2)
- अपने मत का समर्थन किया है। (2)
- क्रमबद्धता है। (2)
- उपसंहार है। (1)

**कुल (8)**

**प्रश्नः 7**

राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान (RMSA) द्वारा एक संगोष्ठी का आयेजन हो रहा है। विषय है 'बदलती जीवन-शैली स्वास्थ्य के लिए खतरा'। संगोष्ठी में प्रस्तुत करने केलिए एक **आलेख** तैयार करें।

सहायक संकेतः (8)
- भोजन शैली में बदलाव
- फास्ट फुड के प्रति मोह
- शाकाहारी भोजन का गुण
- प्रकृति की ओर लगाव
- कई प्रकार की बीमारियाँ
- जागरण कार्यक्रम

**मूल्यांकन सूचक**

- बिंदुओं का आशय-ग्रहण किया है। (1)
- बिंदुओं को विकसित करके लिखा है। (3)
- अपने मत का समर्थन किया है। (2)
- भूमिका और उपसंहार है। (2)

**कुल (8)**

# कविता    सपने का भी हक नहीं

डॉ जे बाबू

**अधिगम उपलब्धि**

➢ हिंदीतर भाषी कविता की विशेषताएँ पहचानकर आस्वादन-टिप्पणी लिखता है।

**प्रश्नः 1**

**सूचनाः निम्नलिखित कवितांश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

"इक कमरेवाली झोंपड़ी में
बच्चों के सो जाने पर
मैं अपनी मन-दीवार पर
अपना विस्तृत घर खींचने लगी।
खाने-पीने-सोने के
अलग-अलग कमरे,
रसोई यदि बैठक के
निकट रखती तो
पूजा का कमरा कहाँ होगा?"

1. प्रस्तुत पंक्तियाँ किस कविता का अंश है? (1)
   (मातृभूमि, सपने का भी हक नहीं, आदमी का चेहरा)
2. स्त्री अपना विस्तृत घर कहाँ खींचने लगी? (1)
3. स्त्री अपने घर में कौन-कौन से कमरे बनवाना चाहती है? (2)
4. हिंदीतर भाषी कविता की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए कवितांश की **आस्वादन-टिप्पणी** लिखें। (7)

**मूल्यांकन सूचक**

1. आशय ग्रहण करके सही उत्तर का चयन किया है। (1)
2. आशय-ग्रहण किया है। (1)
3. आशय का विश्लेषण करके कारण ढूँढ़ा है। (2)
4. • कवि का परिचय है। (1)
   • समकालीन कविता की विशेषताओं का उल्लेख किया है। (2)
   • कविता का सार है। (2)
   • अपने दृष्टिकोण से कविता का विश्लेषण किया है। (2)

   **कुल** **(7)**

**प्रश्नः 2**

**सूचनाः निम्नलिखित कवितांश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

कॉंक्रीट की छत के
नीचे पीले रंग की
दीवारों के मध्य में
खिड़की-दरवाज़े सब रख दिए।
संगमरमर की चमक
ज़मीन पर; उस चमक पर
चमकती मेज़-कुरसियाँ
टी.वी, होम थियेटर बैठक में भाते।

1. यह कविता किसकी है? (1)
   (कुँवर नारायण, डॉ जे बाबु, मैथिलीशरण गुप्त)
2. खिड़की-दरवाज़े कहाँ है? (1)
3. दीवारों का रंग क्या है? (1)
4. ज़मीन पर किसकी चमक है? (1)
5. बैठक की शोभा बढ़ानेवाली चीज़ें क्या-क्या हैं? (2)
6. कवितांश की **आस्वादन-टिप्पणी** लिखें। (7)

**मूल्यांकन सूचक**

1. डॉ. जे.बाबू। (1)
2. आशय ग्रहण करके सही उत्तर का चयन किया है। (1)
3. आशय-ग्रहण किया है। (1)
4. आशय का विश्लेषण करके कारण ढूँढ़ा है। (2)
5. • कवि का परिचय है। (1)
   • द्विवेदीयुगीन कविता की विशेषताओं का उल्लेख किया है। (2)
   • कविता का सार है। (2)
   • अपने दृष्टिकोण से कविता का विश्लेषण किया है। (2)

**कुल** **(7)**

**प्रश्नः 3**

**सूचनाः निम्नलिखित कवितांश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

क्रांति के लिए उठे कदम
क्रांति के लिए जले मशाल।
भूख के विरुद्ध भात के लिए
रात के विरुद्ध प्रात के लिए
जुल्म के खिलाफ जीत के लिए
हम लड़ेंगे हमने ली कसम।

1. कवि ने किसके लिए कदम उठाने का आह्वान किया है? (1)
2. 'शपथ' शब्द का समानार्थी शब्द कविता से ढूँढ़ें। (1)
3. 'हम लड़ेंगे, हमने ली कसम' -कसम क्या है? (2)
4. कवितांश की **आस्वादन-टिप्पणी** लिखें। (7)

**मूल्यांकन सूचक**

1. आशय ग्रहण करके सही उत्तर का चयन किया है। (1)
2. आशय-ग्रहण किया है। (1)
3. आशय का विश्लेषण करके कारण ढूँढ़ा है। (2)
4. • कवि का परिचय है। (1)
   • समकालीन कविता की विशेषताओं का उल्लेख किया है। (2)
   • कविता का सार है। (2)
   • अपने दृष्टिकोण से कविता का विश्लेषण किया है। (2)

**कुल** **(7)**

## कहानी मुरकी उर्फ़ बुलाकी

**अमृता प्रीतम**

### अधिगम उपलब्धियाँ

- समकालीन कहानी की अवधारणा पाकर कहानी के पात्रों के चरित्र पर टिप्पणी लिखता है।
- कहानी के आशय का विश्लेषण करके विभिन्न प्रसंगों का विधांतरण करता है।

**प्रश्नः 1**

**मुरकी उर्फ बुलाकी पाठ का यह अंश पढ़ें।**

"वह तुझे खिलाया करेगी और रोटी खा लिया करेगी"-'मुरकी उर्फ बुलाकी' में मुरकी के पिता राजवंती से अपनी अवस्था और मातृहीन बेटी को आश्रय देने की बात कहता है। वह **वार्तालाप** तैयार करें। (8)

सहायक संकेतः

- पत्नी की मृत्यु
- गरीबी
- राजवंती के काम में हाथ बँटाना

### मूल्यांकन सूचक

| | |
|---|---|
| • प्रसंगानुसार अभिव्यक्ति है। | (2) |
| • स्वाभाविक शुरुआत है। | (2) |
| • प्रवाहमयता है। | (2) |
| • कल्पना है। | (1) |
| • स्वाभाविक अंत है। | (1) |
| **कुल** | **(8)** |

**प्रश्नः 2**

"बाप ने जब बात पक्की की, यह रात ही रात में एक शहरी लड़के के साथ भाग गई।"

मुरकी के भाग जाने पर राजवंती उसके भविष्य के बारे में सोचकर चिंतित है। राजवंती के उस दिन की **डायरी** तैयार करें। (7)

सहायक संकेत :

- समाज का डर
- लड़के के चरित्र के प्रति आशंका
- आर्थिक स्थिति की चिंता

**मूल्यांकन सूचक**

- अनुभवों की सूचना है। (2)
- आत्मसंघर्ष की अभिव्यक्ति है। (2)
- संवेदना की अनुभूति है। (2)
- आत्मनिष्ठ भाषा है। (1)

**कुल** **(7)**

**प्रश्नः 3**

भाग जाने के पिछले दिन मुरकी का मन तनावपूर्ण बन जाता है। मुरकी के उस दिन की डायरी लिखें।

सहायक संकेत :

पिता और राजवंती को धोखा देने का दुःख

दूजा आदमी से शादी करने से असहमत

भविष्य की आकांक्षा

**मूल्यांकन सूचक**

- अनुभवों की सूचना है। (2)
- आत्मसंघर्ष की अभिव्यक्ति है। (2)
- संवेदना की अनुभूति है। (2)
- आत्मनिष्ठ भाषा है। (1)

**कुल** **(7)**

**प्रश्नः 4**

पति द्‌वारा उपेक्षित मुरकी वापस आती है और राजवंती उसे अपना लेती है। संकेतों के आधार पर राजवंती का **आत्मकथांश** तैयार करें। (8)

सहायक संकेत :

- असहाय मुरकी के प्रति सहानुभूति
- मुरकी के भविष्य के प्रति आशंका
- जीवन भर सहारा देने का वादा

**मूल्यांकन सूचक**

| | |
|---|---|
| • अनुभवों का वर्णन है। | (2) |
| • आत्मसंघर्ष की अभिव्यक्ति है। | (2) |
| • संवेदना की अनुभूति है। | (2) |
| • आत्मकथात्मक शैली है। | (2) |
| **कुल** | **(8)** |

**प्रश्नः 5**

**यह कथन पढ़ें**

मन के सौदे में जब उसका मन ही मुकर गया तो फिर तन को क्या ढूँढ़ना था?

- राजवंती के कथन के आधार पर मुरकी के **चरित्र पर टिप्पणी** लिखें। (5)

**मूल्यांकन सूचक**

| | |
|---|---|
| • चरित्र पर प्रकाश डालनेवाले कथन का विश्लेषण किया है। | (1) |
| • चरित्र की विशेषता समझी है। | (2) |
| • विशेषताओं के आधार पर टिप्पणी लिखी है। | (2) |
| **कुल** | **(5)** |

**प्रश्नः 6**

"किसी दयालु व्यक्ति से राह का भाड़ लेकर लौट आई, नहीं तो न जाने कहाँ भटकती?"-कहानियों में अकसर ऐसा होता है। लेकिन वास्तविक जीवन में स्त्री को ऐसी स्थिति में अनेक मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।

इसी दौरान स्त्री सुरक्षा पर अपना मत प्रकट करते हुए **निबंध** तैयार करें। (8)

सहायक संकेत :

असुरक्षित वातावरण।

सामाजिक दुर्दशा

सामाजिक दृष्टिकोण में बदलाव की ज़रूरत

कानून-व्यवस्था के सही पालन।

**मूल्यांकन सूचक**

| | |
|---|---|
| • भूमिका है। | (1) |
| • अपने मत का उल्लेख किया है। | (1) |
| • बिंदुओं को विकसित किया है। | (2) |
| • क्रमबद्धता है। | (2) |
| • निबंध की शैली अपनाई है। | (1) |
| • उपसंहार है। | (1) |
| **कुल** | **(8)** |

# कविता — हाइकू

**डॉ.भगवतशरण अग्रवाल**

**अधिगम उपलब्धि**

हाइकू कविता की विशेष शैली पहचानकर उसकी व्याख्या करता है।

**प्रश्नः 1**

**सूचनाः निम्नलिखित हाइकू पढ़ें।**

मान न मान
मैं तेरा मेहमान
बने बुढ़ापा

1. हाइकू कविता का भावार्थ लिखें। (5)

**प्रश्नः 2**

**सूचनाः निम्नलिखित हाइकू पढ़ें।**

जब भी कोई
फूल खिला बाग में
तू याद आया।

1. हाइकू कविता की विशेषताओं का परिचय देते हुए **भावार्थ** लिखें। (5)

**मूल्यांकन सूचक**

- कविता का आशयग्रहण किया है। (1)
- आशय का विश्लेषण किया है। (2)
- कविता का सार लिखा है। (2)

**कुल** **(5)**

इकाई 4

# कविता — कुमुद फूल बेचनेवाली लड़की

*ओ.एन.वी.कुरुप, अनुवादः डॉ.एस.तंकमणि अम्मा*

**अधिगम उपलब्धि**

अनूदित कविता के आशय का विश्लेषण करके आस्वादन-टिप्पणी लिखता है।

**प्रश्नः 1**

पुराना देवालय,
उसके निकट है कुमुद-सरोवर
रास्ते में पूजा-द्रव्य
बेचनेवालों के कितने ही दल;

'इधर इष्टदेव का
इष्ट नैवेद्य है कुमुद फूल'
मार्गदर्शी ज्यों
यों कहकर किसी कोने में,
मृत जल-साँप ज्यों
लटके लंबे डंठलों के
छोरों पर खिले
श्वेत कुमुद फूल बेचनेवालियाँ,
'मेरे हाथ से, मेरे हाथ से।'

1. यह कवितांश किस कविता का है?
   (सपने का भी हक नहीं, कुमुद फूल बेचनेवाली लड़की, आदमी का चेहरा)
2. कुमुद सरोवर कहाँ है?
3. इष्टदेव का इष्टनैवेद्य क्या है?
4. कवि ने लटके लंबे डंठलों की तुलना किससे की है?
5. अनूदित कविताओं की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए कवितांश की **आस्वादन-टिप्पणी** लिखें।

**मूल्यांकन सूचक**

1. सही उत्तर का चयन है। (1)
2. आशय ग्रहण करके सही उत्तर का चयन किया है। (1)
3. आशय-ग्रहण किया है। (1)
4. आशय का विश्लेषण किया है। (2)
5. • कवि का परिचय है। (1)
   • अनूदित कविता की विशेषताओं का उल्लेख किया है। (2)
   • कविता का सार है। (2)
   • अपने दृष्टिकोण से कविता का विश्लेषण किया है। (2)

**कुल** **(7)**

**प्रश्नः 2**

'हे फूल, तू अन्न है इस छोटी बहन के लिए
इससे बढ़कर पुण्य भला क्या है!
तुझे चढ़ाकर भला अब
क्या पाऊँ मैं...!'

खाली हाथ,
आगे बढ़ जाता हूँ मैं
'मेरे हाथ से, मेरे हाथ से'
का दीन स्वर धीमा होता जाता है...।

1. यह कैसा काव्य है? (1)
(अनूदित काव्य, खंड काव्य, विलाप काव्य, महाकाव्य)
2. 'तुझे चढ़ाकर भला अब (1)
   क्या पाऊँ मैं...!' किसे चढ़ाकर?
3. 'हे फूल, तू अन्न है इस छोटी बहन के लिए.....' (2)
   कवि ऐसा क्यों कहता है?
4. कवितांश की **आस्वादन-टिप्पणी** लिखें। (7)

**मूल्यांकन सूचक**

| | | |
|---|---|---|
| 1. सही उत्तर का चयन किया है। | | (1) |
| 2. कविता का आशय-ग्रहण किया है। | | (1) |
| 3. आशय का विश्लेषण किया है। | | (2) |
| 4. • कवि का परिचय है। | (1) | |
| • द्विवेदी युगीन कविता की विशेषताओं का उल्लेख किया है। | (2) | |
| • कविता का सार है। | (2) | |
| • अपने दृष्टिकोण से कविता का विश्लेषण किया है। | (2) | |
| **कुल** | | **(7)** |

# संस्मरण  वह भटका हुआ पीर

*राज बुद्धिराजा*

**अधिगम उपलब्धि**

संस्मरण की शैलीगत विशेषताओं से अवगत होकर विभिन्न प्रसंगों का विधांतरण करता है।

**प्रश्नः 1**

**'वह भटका हुआ पीर' का अंश पढ़ें और प्रश्नों का उत्तर लिखें।**

"जब घर के बड़े बुजुर्गों को कोई पानी नहीं पिलाता और पानी माँगने पर अँगारों जैसी जलती आँखें दिखाई जाती हों, तो यह स्कूटरवाला तो पीर जैसा लगेगा ही न। गर्मी की एक साँझ में वह मेरे गेट के सामने खड़ा होकर मुझसे पूछ रहा था, 'पानी पिएँगी? अभी भरवा कर ला रहा हूँ।' 'हाँ-हाँ, क्यों नहीं।' मैंने उसे बरामदे में बिठाया और उससे कुशलक्षेम पूछने लगी। वह पितृविहीन बालक स्ट्रीट लाइट में बैठकर अखबार पढ़ता, स्कूटर चलाकर माँ और अपने लिए दो जून रोटी का जुगाड़ करता।"

1. 'वह भटका हुआ पीर' संस्मरण किसकी रचना है? (1)
2. बड़े बुजुर्गों के पानी माँगने पर घर के लोग क्या करते हैं? (2)
3. स्कूटरवाले ने लेखिका से क्या पूछा? (1)
4. पितृहीन बालक अपनी रोटी कैसे जुगाड़ता था? (2)
5. खंड का **संक्षेपण** करें। (7)
6. संक्षेपण के लिए उचित शीर्षक लिखें। (1)

**मूल्यांकन सूचक**

1. सही उत्तर लिखा है। (1)
2. आशय-ग्रहण किया है। (1)
3. आशय-ग्रहण करके सही उत्तर लिखा है। (1)
4. आशय का विश्लेषण किया है। (2)
5. • मुख्य आशयों का चयन किया है। (3)
   • अनावश्यक विस्तार को छोड़ा है। (2)
   • अपनी भाषा को स्वीकारा है। (2)
   **कुल** **(7)**
6. उचित शीर्षक दिया है। (1)

**प्रश्नः 2**

"मुझे तो पुण्य मिल ही गया। लाखों लोगों की दुआओं से मैं ग्रेजुएट हो गया। घर बैठे नौकरी चलकर आई, लेकिन मुझे पानी पिलाने में जो सुख मिलता है, वह नौकरी में कहाँ ! अपने मन के बादशाह।"
वह भटका हुआ पीर के इस अंश के आधार पर स्कूटरवाले के **चरित्र पर टिप्पणी** करें। (5)

**मूल्यांकन सूचक**

• चरित्र पर प्रकाश डालनेवाले कथन का विश्लेषण किया है। (1)
• चरित्र की विशेषता समझी है। (2)
• विशेषताओं के आधार पर टिप्पणी लिखी है। (2)
**कुल** **(5)**

**प्रश्नः 3**

"मुझे लगा कि वह आम आदमी न होकर एक भटका हुआ पीर है, जो आपा-धापी की दुनिया में खुशी बाँटता फिर रहा है।"- 'वह भटका हुआ पीर' के स्कूटरवाले के जैसे हमारे समाज में भी ऐसे बहुत से पीर हैं और हुए थे। उनमें से किसी के विवरण के साथ वर्तमान समाज में ऐसे सच्चे पीर की आवश्यकताओं पर **निबंध** तैयार करें।

**मूल्यांकन सूचक**

- स्कूटरवाले का महत्व पहचान लिया है। (1)
- वर्तमान अवस्था का विश्लेषण किया है। (1)
- भूमिका है। (1)
- विषयवस्तु को विस्तारपूर्वक लिखा है। (2)
- क्रमबद्धता है। (2)
- उपसंहार है। (1)

**कुल** **(8)**

**प्रश्नः 4**

'सौ वर्ष का एकांत' गेब्रियेल गार्सिया मार्क्वेज़ का विख्यात उपन्यास है। इस उपन्यास के छपते ही मार्क्वेज़ का नाम विश्व के महान उपन्यासकारों में शामिल हो गया। इसकी लाखों प्रतियाँ प्रकाशित हुईं। संसार भर के साहित्य प्रेमी पाठकों ने इसे पूरी रुचि से पढ़ा। इसके संसार की लगभग सभी भाषाओं में अनुवाद हुए। वे इतने अधिक प्रसिद्ध हो गए थे कि उनसे मिलने के लिए सालभर पहले समय लेना होता था। इस प्रसिद्धि के बाद भी वे हर दिन सुबह नौ बजे से दोपहर के तीन बजे तक लिखने का कार्य किया करते थे। उनकी यह दिनचर्या तीस-चालीस वर्षों तक चली। इतने कठिन परिश्रम से ही यह संभव हुआ कि उन्होंने एक के बाद दूसरा सुंदर उपन्यास लिखा। कई सुंदर कहानियाँ लिखीं।

1. मार्क्वेज़ का बहुचर्चित उपन्यास कौन सा है? (1)
2. मार्क्वेज़ के कठिन परिश्रम का क्या फायदा हुआ? (2)
3. 'सौ वर्ष का एकांत' की क्या-क्या खूबियाँ थीं? (3)
4. उपर्युक्त खंड का **संक्षेपण** करें। (7)
5. संक्षेपण के लिए उचित शीर्षक लिखें। (1)

**मूल्यांकन सूचक**

| | |
|---|---|
| 1. सौ वर्ष का एकांत | (1) |
| 2. आशय-ग्रहण किया है। | (2) |
| 3. आशय का विश्लेषण किया है। | (3) |
| 4. मुख्य आशयों का चयन किया है। | (3) |
| • अनावश्यक विस्तार को छोडा है। | (2) |
| • अपनी भाषा को स्वीकारा है। | (2) |
| **कुल** | **(7)** |
| 5. उचित शीर्षक लिखा है। | (1) |

**प्रश्नः 5**

'युवा पीढ़ी पर मोबाइल फोण का प्रभाव' विषय पर संकेतों की मदद से स्कूल पत्रिका में प्रकाशित करने योग्य एक लेख तैयार करें। (8)

| **लाभ** | **हानि** |
|---|---|
| सुविधाजनक | खर्चीला |
| बहुआयामी | तंदुरुस्ती के लिए हानिकारक |
| ज्ञानार्जन का साधन | अंतर्जाल का दुरुपयोग |
| अंतर्जाल का सदुपयोग | |

**मूल्यांकन सूचक**

| | |
|---|---|
| • भूमिका है। | (1) |
| • बिंदुओं को विकसित किया है। | (2) |
| • अपने मत का समर्थन किया है। | (2) |
| • क्रमबद्धता है। | (2) |
| • उपसंहार है। | (1) |
| **कुल** | **(8)** |

**प्रश्नः 6**

अंतर्राष्ट्रीय फिलिमोत्सव केरल 2016, तिरुवनंतपुरम के सिलसिले में 'छात्रों पर फिल्मों का प्रभाव' विषय पर एक चर्चा का आयोजन हुआ। चर्चा के आधार पर प्रस्तुत विषय पर एक **निबंध** तैयार करें।

सहायक संकेत :

| | |
|---|---|
| मनोरंजक | मूल्यच्युति |
| ज्ञानवर्धक | अश्लीलता के प्रति आसक्ति |
| शिक्षा-प्रणाली में सुधार | पढ़ाई से विमुखता |
| मूल्य एवं मनोभाव का पोषक | आलसी मनोवृत्ति |

(8)

**मूल्यांकन सूचक**

| | |
|---|---|
| • भूमिका है। | (1) |
| • बिंदुओं को विकसित किया है। | (3) |
| • क्रमबद्धता है। | (2) |
| • उपसंहार है। | (2) |
| **कुल** | **(8)** |

## कविता  आदमी का चेहरा

**कुँवर नारायण**

**अधिगम उपलब्धि**

समकालीन कविता की विशेषताएँ पहचानकर आस्वादन-टिप्पणी लिखता है।

**प्रश्नः 1**

**निम्नलिखित कवितांश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

"कुली !" पुकारते ही
कोई मेरे अंदर चौंका। एक आदमी
आकर खड़ा हो गया मेरे पास।
सामान सिर पर लादे
मेरे स्वाभिमान से दस क़दम आगे
बढ़ने लगा वह
जो कितनी ही यात्राओं में
ढो चुका था मेरा सामान।

1.यह किस काव्यधारा की कविता है? (1)
(द्विवेदीयुगीन कविता, समकालीन कविता, छायावादी कविता)

2. कवि के पास कौन आकर खड़ा हो गया? (1)

3. कवि किससे आगे बढ़ने लगा? (2)

4. समकालीन कविताओं की विशेषताओं पर चर्चा करते हुए कवितांश की **आस्वादन-टिप्पणी** तैयार करें। (7)

**मूल्यांकन सूचक**

1.समकालीन कविता। (1)

2.कविता का आशय-ग्रहण किया है। (1)

3.आशय-ग्रहण किया है। (2)

4.• कवि का परिचय है। (1)

• समकालीन कविता की विशेषताओं का उल्लेख किया है। (1)

• कविता का सार है। (3)

• अपने दृष्टिकोण से कविता का विश्लेषण किया है। (2)

**कुल** **(7)**

**प्रश्नः 2**

**निम्नलिखित कवितांश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

आईना हमारी शक्ल सूरत दिखाता है,
एकदम बराबर सब कुछ बताता है,
किसी को असली नकली में
फर्क समझ में नहीं आता,
इसलिए वो आईना है कहलाता।

1. आईना क्या दिखाता है? (1)
2. 'असली' शब्द का विपरीतार्थक शब्द कविता से ढूँढ़ें। (1)
3. आईना, आईना क्यों कहलाता है? (2)
4. कविता की व्याख्या करते हुए **आस्वादन-टिप्पणी** लिखें। (7)

**मूल्यांकन सूचक**

1. आशय ग्रहण किया है। (1)
2. सही शब्द का चयन है। (1)
3. कविता के आशय का विश्लेषण किया है। (2)
4. • कविता के आशय का विश्लेषण किया है। (2)
   • कविता का सार है। (2)
   • कविता के आशय की व्याख्या की है। (2)
   • अपना मत व्यक्त किया है। (1)

**कुल** **(7)**

# व्यंग्य दवा

**हरिशंकर परसाई**

**अधिगम उपलब्धि**

- व्यंग्य की प्रासंगिकता पहचानकर आस्वादन करता है और टिप्पणी लिखता है।
- व्यंग्य के आशय का विश्लेषण करके प्रसंगों का विधांतरण करता है ।
- विभिन्न सामाजिक विषयों की अवधारणा पाकर उसे 'स्किट' के रूप में प्रस्तुत करता है।

**प्रश्नः 1**

अनंगजी के पुत्र ने आने पर देखा कि 'पिताजी कविता पढ़ रहे हैं और उनके मित्र मरे पड़े हैं।'
इस घटना का वर्णन करते हुए पुत्र अपने मित्र को एक पत्र लिखता है। वह पत्र तैयार करें।
सहायक संकेतः

पिता की बुरी हालत।
डॉक्टर के द्‌वारा प्रतीक्षा छोड़ना।
मित्र द्‌वारा ज़िंदा रखने का वादा।
पिताजी का कविता-पाठ।
मित्र का मर जाना। (8)

**मूल्यांकन सूचक**

| | |
|---|---|
| • स्वाभाविक शुरुआत है। | (2) |
| • घटनाओं का उल्लेख है। | (2) |
| • स्वाभाविक अंत है। | (2) |
| • पत्र की शैली एवं रूपरेखा है। | (2) |
| **कुल** | **(8)** |

**प्रश्नः 2**
अनंगजी अपने कविता-संग्रह का प्रकाशन करना चाहते हैं। उसके लिए एक आकर्षक **पोस्टर** तैयार करें। (8)

**मूल्यांकन सूचक**

- जरूरी विवरण है। (2)
- संग्रह का महत्व सूचित किया है। (3)
- संक्षिप्त वाक्य/वाक्यांश है। (2)
- आकर्षक रूपरेखा है। (1)

**कूल** **(8)**

**प्रश्नः 3**
"मैं इन्हें मज़े में कई घंटे जीवित रख सकता हूँ।" - अनंगजी को ज़िंदा रखने के लिए आए मित्र अंत में मर जाता है। अनंगजी के डॉक्टर अपने डॉक्टरी जीवन की इस विचित्र घटना को डायरी में लिखता है। वह **डायरी** तैयार करें।
(7)

सहायक संकेतः
अनंगजी की बुरी हालत।
मित्र द्‌वारा जीवन बचाने का वादा।
अनंगजी का मित्र द्‌वारा तारीफ़ करना।
मित्र को मरे देखना।

**मूल्यांकन सूचक**

- अनुभवों की सूचना है। (2)
- आत्मसंघर्ष की अभिव्यक्ति है। (2)
- संवेदना की अनुभूति है। (2)
- आत्मनिष्ठ भाषा है। (1)

**कुल** **(7)**

**प्रश्नः 4**

अनंगजी की स्थिति बडी गंभीर है। बेटे के पहुँचने तक उसे जीवित रखने की बिनती पत्नी करती है। इस संबंध में पत्नी और डॉक्टर के बीच का **संभावित वार्तालाप** तैयार करें। (7)

सहायक संकेत :

डॉक्टर की निराशा।

बेटे का इंतज़ार।

पत्नी की प्रार्थना।

**मूल्यांकन सूचक**

- प्रसंगानुसार अभिव्यक्ति है । (2)
- स्वाभाविक शुरुआत है । (1)
- प्रवाहमयता है। (2)
- कल्पना है। (1)
- स्वाभाविक अंत है। (1)

**कुल** **(7)**